आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड
IREL (India) Limited
भारत सरकार का उपक्रम- परमाणु ऊर्जा विभाग
(A Govt. of India Undertaking – Dept. of Atomic Energy)
प्लॉट नं.1207, वीर सावरकर मार्ग, सिद्धिविनायक मंदिर के पास, प्रभादेवी, मुंबई-400028
Plot No.1207, Veer Savarkar Marg, Near Siddhivinayak Temple, Prabhadevi, Mumbai- 400028
CIN: U15100MH1950GOI008187

## रिक्ति परिपत्र/सूचना / Vacancy Circular/Notice

## विज्ञापन सं./Advt.No.CO/HRM/31/2024

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का एक मिनी रत्न श्रेणी-। उपक्रम है, जिसका मुंबई में कॉर्पोरेट कार्यालय है और जो इल्मेनाइट, रुटाइल, जिरकॉन, सिल्मेनाइट, गार्नेट आदि का उत्पादन करने के लिए चवरा (केरल), मणवालकुरिच्चि (तमिलनाडु) और उड़ीसा सैंड कॉम्प्लेक्स (ऑसकॉम) (ओडिशा) में उसके परमाणु खनिज खनन और खनिज पृथक्करण संयंत्रों का प्रचालन कर रहा है। आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने ओडिशा में एक रेअर अर्थ्स एक्सट्रैक्शन प्लांट (आरईईपी) की स्थापना की है, जिसमें लगभग 11,000 टन रेअर अर्थ कॉन्सेंट्रेट का उत्पादन करने की क्षमता मौजूद है एवं रेअर अर्थ्स प्रभाग, अलुवा में स्वतंत्र रूप से रेअर अर्थ ऑक्साइड/कार्बोनेट्स का उत्पादन करने के लिए अलग से हाई प्योर रेअर अर्थ्स (एचपीआरई) संयंत्र की स्थापना की गई है। आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने ओडिशा के गंजाम जिले में एक नया परमाणु खनिज खनन (मिनरल माइनिंग) एवं खनिज पृथक्करण संयंत्र (मिनरल सिपरेशन प्लांट) स्थापित करने के लिए ओडिशा औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के साथ एक संयुक्त उद्यम भी स्थापित किया है। इसके अलावा, कंपनी की आगामी प्रतिष्ठित परियोजनाओं में भोपाल, मध्य प्रदेश में रेअर अर्थ्स एवं टाइटेनियम थीम पार्क शामिल हैं।

भविष्य के विकास और परिवर्तन की चुनौतियों का प्रबंधन करने के लिए आईआरईएल अपने ऑसकॉम इकाई, ओडिशा के लिए निम्नलिखित पद (नियमित) के रूप में पात्र, योग्य, प्रतिभाशाली, अनुभवी, ऊर्जावान और गतिशील भारतीय नागरिकों के लिए आवेदन (ऑनलाइन मोड के माध्यम से) आमंत्रित करता है।

### 1.0 रिक्तियों/पदों का विवरण:

| **पद का नाम**<br>**वेतनमान (आईडीए)/ग्रेड/ वार्षिक सीटीसी (रुपये में)** | **पदों की संख्या, तैनाती का स्थान** | **योग्यता** | **11.09.2024 तक ऊपरी आयु सीमा** |
|---|---|---|---|
| वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा)<br>रु.70000-200000<br>ई-4 ग्रेड<br>रु.21 लाख (पीआरपी को छोड़कर) | 1 पद<br>(अनारक्षित)<br><br>माटीखालो, छत्रपुर (गंजाम), ओडिशा | इसकी योग्यता हेतु भारतीय रक्षा सेवाओं से सेवानिवृत्त स्नातक होना आवश्यक है, जो भारतीय सेना में मेजर के पद से नीचे न हो या भारतीय नौसेना/भारतीय वायु सेना/अर्धसैनिक सेवाओं जैसे सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ एआर, आईटीबीपी, एनएसजी, एसएसजी आदि के समकक्ष पदों में से हो।<br><br>सुरक्षा प्रबंधन में अनुभव होना आवश्यक है।<br><br>**वांछित:**<br>(a) ओड़िया भाषा पढ़ना/बोलना।<br>(b) अग्निशमन ज्ञान/अनुभव। | 38 |

**कार्य की आवश्यकताएँ:**

पदधारी को कंपनी की इकाइयों/प्रतिष्ठानों में निम्नलिखित सुरक्षा संबंधी कार्यों को संभालना आवश्यक है:

- रक्षा मंत्रालय की परियोजना से संबंधित संवेदनशील/वर्गीकृत क्षेत्र/कार्यक्षेत्र/विनिर्माण सुविधा के रूप में क्षेत्रों को स्पष्ट रूप से चिन्हित करना और ऐसे क्षेत्रों को दर्शाने हेतु आवश्यक चिन्हित बोर्ड की उपलब्धता को सुनिश्चित करना।
- जिम्मेदारी से कार्य करते हुए, अग्निशमन सेवा अनुभाग को संभालना और कर्मचारियों को इसके प्रति प्रशिक्षित करना। जब भी आवश्यक हो, तुरंत कार्रवाई करना।
- समय-समय पर आवश्यक निरीक्षण करना और ऐसी जांचों के रिकॉर्ड बनाए रखना, यदि कोई चूक सामने आए, तो उसके बारे में इकाई प्रधान/सुरक्षा प्रभारी को रिपोर्ट करना।
- संयंत्र के आसपास के क्षेत्र में कानून प्रवर्तन एजेंसियों, पुलिस अधिकारियों एवं नोडल कार्यालयों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखना और आवश्यकतानुसार सुरक्षा मैनुअल के अतिरिक्त अपने प्रभार के अंतर्गत परिसर की सुरक्षा प्रणाली में सुधार करना।
- नियमित आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के लेखापरीक्षा को सुनिश्चित करना।
- परिसर की सुरक्षा के साथ-साथ प्रवेश नियंत्रण, गार्डों की तैनाती, स्वागत कार्यालय एवं आगंतुकों के प्रबंधन के माध्यम से भौतिक सुरक्षा उपायों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना।
- आवक और जावक सामग्री की बारीकी से निगरानी करना और सामग्री रजिस्टर जैसे उचित अभिलेखों (रिकॉर्डों) के रखरखाव के माध्यम से सामग्री की सुरक्षा को सुनिश्चित करना।
- आपातकालीन प्रतिक्रिया/आकस्मिक योजना तैयार करना तथा सुरक्षा कर्मियों को आकस्मिकताओं से निपटने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना।
- संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था तथा उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रणनीति तथा कार्ययोजना बनाना।
- गोपनीय जानकारी को एकत्र करने की व्यवस्था करना।
- आग, दुर्घटना, तोड़फोड़ सहित आपातकालीन स्थितियों में स्थानीय पुलिस आदि से संपर्क स्थापित करना तथा इसके प्रति सुधारात्मक उपाय प्रदान करना।

(a) सभी योग्यताएं/डिग्री यूजीसी से मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों या स्वायत्त भारतीय संस्थानों/संबंधित वैधानिक परिषद (जहां भी लागू हो) से एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित अध्ययन से होने चाहिए।

(b) उपर्युक्त सभी अर्हताएं अनारक्षित/ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर)/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के संबंध में "प्रथम श्रेणी" (कुल मिलाकर 60% अंक) और एससी/एसटी उम्मीदवारों के संबंध में कुल मिलाकर 55% अंक के साथ होनी चाहिए।

(c) किसी विशेष योग्यता की स्वीकार्यता या अन्यथा के संबंध में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद के मामले में, आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड के प्रबंधन का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

उपरोक्त पद के लिए उम्मीदवारों के पास अच्छे संचार कौशल, नेतृत्व गुण और कंप्यूटररीकृत वातावरण में काम करने की क्षमता का होना आवश्यक है।

**नोट**: **यह ध्यान दिया जा सकता है कि उपरोक्त सभी पदों के संबंध में, जिन भागों/क्षेत्रों में अनुभव की मांग की गई है, उन्हें इसमें शामिल किया गया है, परंतु यह स्थिति उपरोक्त तालिकाओं में सूचीबद्ध लोगों तक सीमित नहीं हैं।**

**2.0 <u>आरक्षण और रियायत:</u>**

a. आरक्षण एवं रियायतों के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश/दिशा-निर्देश लागू होंगे।

b. दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए पद की उपयुक्तता: यह पद दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त नहीं है।

**3.0 सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से उम्मीदवारों के आवेदनों को अग्रेषित करना**

(a) राज्य/केंद्र सरकार/अर्ध-सरकारी/स्वायत्त निकायों/राज्य और केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों आदि में नियुक्त व्यक्तियों को आवश्यक होगा कि वे अपने आवेदन पत्र उचित माध्यम से सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ अग्रेषित करें या साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्रस्तुत करें।

(b) राज्य/केंद्र सरकार/अर्ध-सरकारी/स्वायत्त निकायों/राज्य और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में काम करने वाले उम्मीदवारों के आवेदन, जो प्रारंभिक रूप से उचित माध्यम से प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, वे अग्रिम प्रतियों के आधार पर संसाधित किए जा सकते हैं, लेकिन उम्मीदवार को, यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उसे अपने वर्तमान नियोक्ता से एक 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' जमा करना होगा, जिसमें यह भी लिखा होना चाहिए कि आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड में नियुक्ति के लिए उसके चयन की स्थिति में उसे कार्यमुक्त किया गया होगा।

(c) चयन की स्थिति में, डीपीई के तहत सूचीबद्ध केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) के उम्मीदवार सेवा लाभ के हस्तांतरण के लिए पात्र होंगे, बशर्ते कि उनके नियोक्ता इसके लिए सहमत हों।

(d) चयन की स्थिति में, ऐसे सभी उम्मीदवारों को आईआरईएल में शामिल होने की अनुमति केवल उनके पिछले नियोक्ता से उचित कार्यमुक्ति आदेश प्रस्तुत करने के बाद दी जाएगी।

**4.0 चयन का तरीका:**

पात्र आवेदकों के लिए चयन प्रक्रिया साक्षात्कार/साइकोमेट्रिक परीक्षा/समूह अभ्यास या इनके संयोजन के माध्यम से किया जाएगा।

**नोट:** कंपनी के पास लिखित परीक्षा या कोई अन्य परीक्षा को आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित है।

**5.0 रोजगार-पूर्व चिकित्सा परीक्षण:**

चयनित उम्मीदवारों को कंपनी की सेवा में शामिल होने से पहले कंपनी के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा आयोजित चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा और चिकित्सा अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**6.0 चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन आदि:**

कंपनी के नियमों के अनुसार चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति संबंधित प्राधिकारियों से प्राप्त 'चरित्र एवं पूर्ववृत्त' के सत्यापन, 'विशेष सत्यापन' तथा अनुभव सत्यापन आदि के अधीन होगी।

**7.0 चयनित उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची:**

चयन समिति अपने विवेक के अनुसार चयन प्रक्रिया के पश्चात, उम्मीदवार को प्रतीक्षा सूची में शामिल कर सकती है और यह एक वर्ष की अवधि या किसी भी ऐसी भर्ती की अधिसूचना, जो भी पहले हो, तक वैध होगी। हालाँकि, इस संबंध में समय-समय पर प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों का पालन किया जाएगा।

**8.0 वेतन और भत्ते:**

मूल वेतन के अलावा, उम्मीदवारों को औद्योगिक महंगाई भत्ता, एचआरए/कंपनी आवास, भत्ते, वार्षिक वेतन वृद्धि, अवकाश नकदीकरण जैसे लाभ, स्वयं व आश्रित परिवार के सदस्यों के लिए चिकित्सा सुविधाएं, ऋण व अग्रिम, पीएफ, उपदान (ग्रेच्युटी), पीआरपी, वर्दी (यूनिफ़ॉर्म) आदि का भुगतान किया जाएगा।

**9.0 तैनाती का स्थान:**

चयनित उम्मीदवार को माटीखालो, छत्रपुर (गंजाम), ओडिशा में तैनात किया जाएगा।

**नोट:** पदधारियों को कंपनी की किसी भी इकाई/कार्यालय/प्रतिष्ठान में स्थानांतरित किया जा सकता है।

## 10.0 आवेदन शुल्क

ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करते समय उम्मीदवारों द्वारा ₹500/- (केवल पाँच सौ रुपये) (जीएसटी सहित) का गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क का भुगतान किया जाना आवश्यक है। आवेदन शुल्क के भुगतान का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। अत: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन शुल्क के भुगतान से पहले अपनी पात्रता की जाँच अवश्य करें।

**नोट:** एससी/एसटी/ पूर्व सैनिक श्रेणी के उम्मीदवारों, महिलाओं और आंतरिक उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान में छूट दी गई है।

## 11.0 आवेदन कैसे करें

**ऑनलाइन आवेदनों को भरने के लिए उम्मीदवारों द्वारा अनुसरण की जाने वाली, क्रम-वार कार्रवाईयाँ निम्नानुसार हैं:**

a) आईआरईएल वेबसाइट के करियर अनुभाग में जाएँ और ऑनलाइन आवेदन के बटन पर क्लिक करें।
b) महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ें और (√) 'मैं सहमत हूँ (आई एग्री)' बटन पर क्लिक करें।
c) आवश्यक विवरण *(पद का नाम, मूल श्रेणी, श्रेणी के लिए आवेदन, पीडब्ल्यूडी श्रेणी, मोबाइल और ई-मेल आईडी में पंजीकरण करें और सबमिट बटन पर क्लिक करें)।*
d) अपने ई-मेल और मोबाइल नंबर पर प्राप्त आवेदन अनुक्रम संख्या, उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड की जाँच करें।
e) ई-मेल के माध्यम से प्राप्त यूजर आईडी और पासवर्ड दर्ज करके अपने अकाउंट में फिर से लॉगिन करें।
f) आवेदन फार्म भरें और फोटो, हस्ताक्षर और प्रासंगिक दस्तावेज अपलोड करें।
g) आवेदन पत्र के पूर्वावलोकन, यदि कोई हो, की जाँच करें एवं सुधार करें।
h) सबमिट बटन दबाएँ।
i) भविष्य के संदर्भ के लिए अपने आवेदन फार्म का प्रिंटआउट निकालें।

**नोट**: - आईआरईएल को भरे हुए आवेदन पत्र की **हार्ड कॉपी** न भेजें।

### आवेदन भरने के लिए सामान्य निर्देश

(i) उम्मीदवार विज्ञापन में उल्लिखित योग्यता एवं पात्रता मानदंड के अनुसार केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन करेंगे।

(ii) ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार को निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज/जानकारी को अपने साथ तैयार रखने की आवश्यकता है:

(a) ई-मेल आईडी (कम से कम एक वर्ष के लिए वैध हो)।
(b) मोबाइल नंबर (कम से कम एक वर्ष के लिए वैध हो)।
(c) व्यक्तिगत एवं शैक्षिक योग्यता का विवरण।
(d) वर्तमान फोटो की स्कैन कॉपी (jpg/jpeg प्रारूप में 3 सप्ताह से अधिक पुरानी न हों), साइज (20kb-50kb)।
(e) काली स्याही वाले पेन से हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी (jpg/jpeg फॉर्मेट में), साइज (10kb-20kb)।
(f) निम्नानुसार दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां (पीडीएफ प्रारूप में), इस प्रकार है

- जन्म तिथि का दस्तावेजी प्रमाण (मैट्रिक/10वीं/12वीं/एचएससी प्रमाण पत्र)।
- केवल योग्यता पात्रता के प्रमाण पत्र एवं अंक सूची।
- अनुभव के समर्थन में अनुभव प्रमाण पत्र / दस्तावेज।
- रक्षा/अर्धसैनिक सेवाओं से सेवा प्रमाणपत्र/कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र।

## 12.0 सामान्य शर्ते एवं निर्देश

(a) केवल भारतीय नागरिकों को आवेदन करने की आवश्यकता है। केवल आवेदन जमा करने से, उन्हें स्क्रीनिंग या नियुक्ति का दावा करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

(b) शैक्षिक योग्यता, आयु और अनुभव के लिए पात्रता की गणना के लिए कट-ऑफ तिथि **11.09.2024 (आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि)** होगी।

(c) जो व्यक्ति स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) के तहत आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड सहित सरकारी/पीएसयू से सेवानिवृत्त हुए हैं, वे आवेदन करने हेतु पात्र नहीं है।

(d) उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि आवेदन करते समय वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंड और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, सभी मामलों में, उनके द्वारा प्रस्तुत विवरण सही हों। हर स्तर पर उनकी उम्मीदवारी विशुद्ध रूप से अस्थायी होगी। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पता लगाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है और/या इस विज्ञापन की अन्य आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं करता है और/या उसने कोई त्रुटि या गलत जानकारी दी है या किसी वास्तव जानकारी को छुपाया है, तो उसका/उसकी उम्मीदवारी रद्द होने के लिए उत्तरदायी होगी। यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त में से कोई भी कमी पाई जाती है/होती है तो उसकी सेवाएं बिना किसी नोटिस के समाप्त कर दी जाएंगी।

(e) लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार आदि के संबंध में सूचना केवल ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी।

(f) परीक्षा (यदि कोई हो) और/या साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को विनियमित करने के लिए, यदि आवश्यक हो, तो प्रबंधन के पास न्यूनतम पात्रता मानकों/मानदंडों को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है। प्रबंधन किसी भी उम्मीदवार को साक्षात्कार में उनके प्रदर्शन और उम्मीदवार की इच्छा के अनुसार, उन्हें निचले पद की पेशकश करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, हालांकि यह निर्णय उम्मीदवार के पास अधिसूचित अंकों की तुलना में कम योग्यता या कम वर्षों के अनुभव के तहत नहीं किया जाता है।

(g) केवल उपरोक्त योग्यता और अनुभव को पूरा करने से कोई भी उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु हकदार नहीं होगा। केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। आवश्यकता के आधार पर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा/साक्षात्कार पर विचार किया जा सकता है। परीक्षा/साक्षात्कार के तरीके (जैसा भी मामला हो) के बारे में, उन्हें अलग से सूचित किया जाएगा।

(h) मूल प्रमाण-पत्रों का सत्यापन केवल साक्षात्कार/कार्यभार ग्रहण (जैसा भी मामला हो) करते समय ही किया जाएगा। ऑनलाइन साक्षात्कार के मामले में, चयनित उम्मीदवारों के कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व ही मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। यदि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करते है, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी, किसी भी स्थिति में रद्द कर दी जाएगी।

(i) टिकट के संबंध में कंपनी के नियमों के अनुसार सबसे छोटे मार्ग से साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों (आमने-सामने साक्षात्कार के मामले में) को साक्षात्कार के स्थान तक उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए, पत्राचार के पते के निकटतम रेलवे स्टेशन से टिकट प्रस्तुत करने पर III-एसी रेल किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी। अन्य तरीकों से यात्रा करने वाले उम्मीदवारों को III-एसी रेल किराये तक सीमित खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

(j) आवश्यकताओं के आधार पर, कंपनी बिना किसी नोटिस के और बिना कोई कारण बताए पदों की संख्या बढ़ाने/घटाने/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आईआरईएल विज्ञापन/भर्ती प्रक्रिया और/या चयन प्रक्रिया को, बिना कोई नोटिस जारी किए या कोई भी कारण बताए बिना, इसे रद्द/प्रतिबंधित/संशोधित/बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(k) उपरोक्त सभी शर्तें योग्यता, अनुभव, आयु सीमा आदि आईआरईएल के आंतरिक उम्मीदवारों के लिए समान रूप में लागू होते हैं।

(l) योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पहले अपना आवेदन करें, ताकि अंतिम समय में आवेदन में होने वाली त्रुटियों से बचा जा सके। आवेदक द्वारा उठाए गए प्रश्नों और उसके प्रति उत्तर न मिलने के कारण, आवेदन जमा करने में होने वाली किसी भी देरी के लिए, आईआरईएल प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

(m) चयनित नहीं किए गए उम्मीदवारों के रिकॉर्ड को साक्षात्कार की तिथि या पद(दों) के लिए अगले विज्ञापन के प्रकाशन, जो भी पहले हो, से 01 वर्ष से अधिक अवधि के लिए सुरक्षित नहीं किए जाएंगे।

(n) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति कंपनी के नियमों के अनुसार चिकित्सा योग्यता, संबंधित अधिकारियों से चरित्र एवं पूर्ववृत्त (सी एंड ए) के सत्यापन, अनुभव सत्यापन आदि के अधीन है।

(o) डाक पता/ईमेल-आईडी/श्रेणी/पदों और घोषित की गई अन्य जानकारी के परिवर्तन के लिए अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

(p) इस विज्ञापन के प्रतिकूल भर्ती के संबंध में किसी भी विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में शुरू की जा सकती है। केवल मुंबई में न्यायालयों/मंचों/अधिकरणों के पास ऐसे किसी भी मामले/विवाद की सुनवाई करने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार होगा।

(q) उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में किसी टाइपोग्राफिकल त्रुटि या चूक/स्पष्टीकरण/शुद्धिपत्र/ परिशिष्ट के मामले, केवल हमारी आधिकारिक वेबसाइट http://www.irel.co.in पर उपलब्ध कराए जाएंगे। आगे कोई प्रेस सूचना नहीं दी जाएगी। इसलिए, संभावित आवेदकों को उपरोक्त उद्देश्य के लिए नियमित आधार पर आईआरईएल की वेबसाइट http://www.irel.co.in को देखने की सलाह दी जाती है।

(r) 'अधूरे आवेदन' खारिज कर दिए जाएंगे एवं आगे इसपर कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

(s) उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया के संबंध में सभी पत्राचार/घोषणाएं केवल कंपनी की वेबसाइट पर ई-मेल/नोटिस के माध्यम से दी जाएंगी। साक्षात्कार कॉल लेटर को डाउनलोड/प्रिंट करना उम्मीदवार की जिम्मेदारी होगी।

(t) उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई अमान्य / गलत ईमेल आईडी या किसी अन्य कारण से भेजे गए, ईमेल के किसी भी हानि के लिए कंपनी जिम्मेदार नहीं होगी। उम्मीदवार के ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर कम से कम एक वर्ष के लिए वैध होने चाहिए।

(u) उम्मीदवार, किसी भी समस्या की स्थिति में, वे कंपनी की ईमेल आईडी: hrmrect-ho@irel.co.in पर ईमेल भेज सकते हैं।

(v) समस्याओं का समाधान: समस्या एवं इसपर विचार के संबंध में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और चयन एजेंसी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

(w) अंग्रेजी या हिंदी संस्करण में व्याख्या के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी अस्पष्टता/विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण को ही अंतिम माना जाएगा।

(x) आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी पक्षवाद या पक्षवाद के प्रयास के संबंध में, उसकी उम्मीदवारी को खारिज किया जा सकता है।

'यदि कोई मुद्रण त्रुटियां हो तो उसके लिए आईआरईएल जिम्मेदार नहीं है।'